पंजाब केसरी 22/09/2025

# आत्मविश्वास और मंच साहस से युक्त विद्यार्थी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे : डॉ. रोहित दत्त



*संगोष्ठी के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 21 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज की लैंग्वेज लैब ने जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए 'विद्यार्थियों में संचार कौशल और मंच साहस का विकास' विषय पर एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्यडॉ. रोहित दत्त ने कहा कि संचार कौशल नर्सिंग पेशे की रीढ़ है। आत्मविश्वास और मंच साहस से युक्त विद्यार्थी न केवल अपने करियर में सफल होंगे, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाएंगे। उन्होंने छात्रों को ऐसे अवसरों का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञ वृंदा अग्रवाल ने संचार को व्यावसायिक सफलता तथा गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल की नींव बताया। अखिल दहिया ने आत्मविश्वास बढ़ाने और नेतृत्व विकास पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षक अमन कुमार ने अभिव्यक्ति और प्रस्तुति कौशल पर मूल्यवान सुझाव साझा किए।

अलका गुप्ता ने अनुशासन और निरंतरता को दीर्घकालिक सफलता की कुंजी बताया।

कार्यक्रम में मेहक तलवार, डा. भारती सुजन, कमलप्रीत कौर और हर्षिता की अहम भूमिका रही।